EDII

Media Release

ईडीआईआई में टेक इनोवेशन पर वार्षिक स्टार्टअप शिखर सम्मेलन 'एम्प्रेसरियो 2024' शुरू, स्टार्टअप के संस्थापकों के बीच विचार-विमर्श सत्रों का होगा आयोजन

अहमदाबाद, **7 मार्च, 2024-** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने गुरुवार को अपने वार्षिक स्टार्टअप शिखर सम्मेलन और उद्यमिता उत्सव- 'एम्प्रेसरियो **2024**' की शुरुआत की। इस कार्यक्रम का उद्घाटन गुजरात के तकनीकी शिक्षा आयुक्त श्री बंछा निधि पाणि, आईएएस ने किया। उद्घाटन के अवसर पर अन्य मौजूद गणमान्य लोगों में चिरिपाल समूह के निदेशक श्री विशाल चिरिपाल और ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला के नाम प्रमुख हैं। इस वर्ष के 'एम्प्रेसरियो' उत्सव की थीम 'टेक इनोवेशन' रखी गई है।

दो दिवसीय (**7-8** मार्च, **2024**) उत्सव 'एम्प्रेसरियो' में उद्योग की दिग्गज हस्तियों द्वारा मास्टर कक्षाओं का आयोजन और सफल स्टार्टअप के संस्थापकों द्वारा विचार-विमर्श सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही कार्यशालाएं, चर्चाएं, नेटवर्किंग सत्र और स्टार्टअप पुरस्कार समारोह भी आयोजित किए जाएंगे। शिखर सम्मेलन में एग्रीटेक और हेल्थटेक पर पैनल चर्चा भी शामिल है। शार्क टैंक में भाग लेने वाले स्टार्टअप्स के बीच भी विचार-विमर्श सत्र का आयोजन इस दौरान किया जाएगा। इनमें बॉटम लाइन स्प्रेज़, मैशा, वीहियर, सिंपली सलाद और टॉर्च इट जैसे स्टार्टअप शामिल हैं। इसके अलावा, शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप मेंएक बिग पिच कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसमें **75** से अधिक स्टार्टअप अपने लिए फंड जुटाने के उद्देश्य से निवेशकों के एक पैनल के सामने अपने उत्पादों और सेवाओं को पेश करेंगे।

अपने उद्घाटन भाषण में, श्री बंछा निधि पाणि ने कहा, "देश आज एक बड़ी तकनीकी क्रांति के कगार पर है, और इसमें एआई एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम पहले से ही दुनिया की आईटी राजधानी हैं, जहां युवाओं के लिए ढेर सारे अवसर हैं। आईहब के माध्यम से, गुजरात सरकार उद्यमियों को कानूनी सलाह से लेकर सलाह तक हर चीज में समर्थन देने के लिए तत्पर है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे युवा सिर्फ नौकरियों की तलाश नहीं करें, बल्कि वे रोजगार के अवसर पैदा करें। विकसित भारत **2047** के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, हम भारत को **5** ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

एम्प्रेसरियो के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा, "उद्यमिता के क्षेत्र में पिछले एक दशक के दौरान जो बढ़ोतरी नजर आ रही है, उसे देखते हुए हम बहुत उत्साहित हैं। एम्प्रेसरियो जैसे इवेंट भी इसी रुझान को दर्शाते हैं। केवल **10** वर्षों में, स्टार्टअप **500** से बढ़कर **1** लाख हो गए हैं, जबकि पहले इन्क्यूबेशन सेंटर **50** से भी कम थे, जो अब बढ़कर लगभग **2,000** हो गए हैं। एम्प्रेसरियो में हमारे देश के युवाओं द्वारा संचालित इनोवेशन का जश्न मनाया जाता है। एआई और मशीन लर्निंग में तकनीकी प्रगति स्टार्टअप और एमएसएमई को शक्ति प्रदान कर रही है। आगे देखते हुए, हम इस उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं।"

चिरिपाल ग्रुप के निदेशक श्री विशाल चिरिपाल ने कहा, “उद्यमिता के मूल में निडरता और जोखिमों को स्वीकार करने की इच्छा निहित है। भारत में स्टार्टअप सिर्फ व्यवसाय नहीं हैं; वे हमारे आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने वाले इंजन हैं। एक निवेशक के रूप में, मैं जुनून, उद्देश्य, स्केलेबिलिटी और बाजार क्षमता को प्राथमिकता देता हूं। युवा उद्यमियों के लिए, रीस्केलिंग, रोबोटिक्स, ईवी-शेयर्ड स्टोरेज और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्र सामने हैं जो सफलता के आशाजनक अवसर प्रदान करते हैं।”

दो दिनों के इस आयोजन के दौरान कारोबारी दुनिया के कुछ विशिष्ट लोग भी प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। इनमें प्रमुख हैं-यूनीविया के श्री रवि वर्मा ेरा; एग्रीओन फार्मटेक के श्री मिहिर शाह; बुल एग्रीटेक के श्री हित देसाई; एग्रोकास्ट के डॉ. हर्ष शाह; एक्सिओम के डॉ. अभिषेक त्रिपाठी; डी3एस हेल्थकेयर के श्री ध्रुव पटेल; आईओटीए के श्री वैभव शितोले; एल्टिया एंटरप्राइज के डॉ. कर्णव पटेल और संकेत फाउंडेशन के निदेशक श्री कुलदीप सागर।

About Entrepreneurship Development Institute of India (EDII)

EDII Ahmedabad was set up in 1983 with the support of apex financial institutions – the IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd. and State Bank of India (SBI). It is a National Resource Institute in the field of entrepreneurship education, research, policy advocacy, training, inclusive growth, startups & MSMEs training and institution-building. It has a global, as well as PAN India presence. EDII is ranked as Number 1 by Atal Ranking of Institutions on Innovation Achievements (ARIIA) – 2021 in General (Non-Technical) Category. The autonomous and not-for-profit institute, works towards building entrepreneurship, startups and fostering innovations across all sectors and sections of people. The 40-year old institute is recognised as a Centre of Excellence by the Ministry of Skill Development and 79% of its alumni are business owners. For more information visit: www.ediindia.org

For more details, contact:

Nirupam Banerjee, Adfactors PR: 9825984727
Hiral Oza, Adfactors PR: 7043901987